Serial Number | Roll No. | | SET / सेट **A**

**202508**

Total Printed Pages : 8

Total Questions : 23

Time : 3 Hours

Maximum Marks : 80

# हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा वर्ष - 2025

# Higher Secondary Examination (Main) - 2025

## अर्थशास्त्र

## ECONOMICS

(Hindi & English Versions)

**किसी भी प्रश्न के अंग्रेजी और हिंदी संस्करणों के बीच विसंगति के मामले में हिंदी संस्करण को अंतिम माना जाएगा।**
**In case of discrepancy between the English and Hindi versions of any question, the Hindi version will be treated as final.**

**निर्देश :**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न 1 अंक का है। [32×1=32]

(iv) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आवंटित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखिये।

(v) प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आवंटित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 75 शब्दों में लिखिये।

(vi) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आवंटित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 120 शब्दों में लिखिये।

(vii) आवश्यकतानुसार स्वच्छ रेखाचित्र बनाइए।

**Instructions :**

(i) All questions are **compulsory.**

(ii) Internal options are given in question numbers 6 to 23.

(iii) Question numbers 1 to 5 are 32 objective type questions. Each objective type question carries 1 mark. [32×1=32]

(iv) Question numbers 6 to 15 each question carries 2 marks. Answer these questions approximately in 30 words each.

(v) Question numbers 16 to 19 each question carries 3 marks. Answer these questions approximately in 75 words each.

(vi) Question numbers 20 to 23 each question carries 4 marks. Answer these questions approximately in 120 words each.

(vii) Draw neat and labelled diagrams wherever necessary.



https://www.mpboardonline.com

1×6=6

1 सही विकल्प चुनकर लिखिये :

(i) बुनियादी आर्थिक समस्या जिसका समाधान करना पड़ता है, वह है :
 (अ) असीमित मानवीय आवश्यकताएँ
 (ब) सीमित आवश्यकताएँ एवं असीमित संसाधन
 (स) असीमित आवश्यकताएँ एवं दुर्लभ संसाधन
 (द) सीमित आवश्यकताएँ एवं सीमित संसाधन

(ii) विलासिता की वस्तुओं की मांग की लोच होती है –
 (अ) लोचदार (ब) अत्यधिक लोचदार
 (स) बेलोचदार (द) पूर्ण बेलोचदार

(iii) कुल लागतें होती हैं –
 (अ) कुल परिवर्ती लागत (TVC)
 (ब) कुल स्थिर लागत (TFC)
 (स) कुल स्थिर लागत एवं कुल परिवर्ती लागतों का योग (TFC + TVC)
 (द) कुल परिवर्ती लागत एवं कुल स्थिर लागतों का अंतर (TVC – TFC)

(iv) निम्नलिखित में से साधन आय कौन–सी है?
 (अ) ब्याज (ब) अनुदान
 (स) छात्रवृत्ति (द) विदेशों से प्राप्त उपहार

(v) उपभोग फलन है –
 (अ) आय तथा उपभोग में संबंध (ब) आय तथा बचत में संबंध
 (स) आय तथा निवेश में संबंध (द) बचत तथा उपभोग में संबंध

(vi) एक सरकारी बजट में राजस्व घाटा ₹ 20,000 करोड तथा उधारी ₹ 50,000 करोड है। तब वित्तीय घाटा होगा :
 (अ) ₹ 50,000 करोड़ (ब) ₹ 20,000 करोड़
 (स) ₹ 70,000 करोड़ (द) ₹ 30,000 करोड़

**Choose and write the correct option :**

**(i) The fundamental economic problems being faced :**
 (a) Unlimited human wants
 (b) Limited wants and unlimited resources
 (c) Unlimited wants and scarcity resources
 (d) Limited wants and limited resources

**(ii) The elasticity of demand of luxurious commodities is -**
 (a) Elastic (b) Highly elastic
 (c) Inelastic (d) Perfectly inelastic

**(iii) Total costs are -**
 (a) Total Variable Costs (TVC)
 (b) Total Fixed Costs (TFC)
 (c) Sum of Total Fixed Costs and Total Variable Costs (TFC + TVC)
 (d) Difference of Total Variable Costs and Total Fixed Costs (TVC – TFC)



https://www.mpboardonline.com

**(iv) Which of the following is factor income?**

(a) Interest (b) Grants

(c) Scholarship (d) Gifts from abroad

**(v) A consumption function is -**

(a) The relation between consumption and income

(b) The relation between income and savings

(c) The relation between income and investment

(d) The relation between savings and consumption

**(vi) The government budget revenue deficit is ₹ 20,000 crores and borrowings are ₹ 50,000 crores. The fiscal deficit will be :**

(a) ₹ 50,000 crores (b) ₹ 20,000 crores

(c) ₹ 70,000 crores (d) ₹ 30,000 crores

**2** **रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये :** **1×6=6**

(i) कुल संप्राप्ति वक्र का ढाल सदैव ______ होता है।

(ii) पूर्ति का नियम ______ वस्तुओं पर लागू नहीं होता है।

(iii) पूर्ण प्रतिस्पर्धात्मक बाज़ार में विक्रेता ______ वस्तुओं का विक्रय करते हैं।

(iv) कृषि समर्थन कार्यक्रम द्वारा सरकार कुछ कृषि पदार्थों के लिए तय की गई कीमत का ______ तय कर देती है।

(v) जॉन मेनार्ड कीन्स की प्रसिद्ध पुस्तक "द जनरल थ्योरी ऑफ इम्प्लायमेंट इंटरेस्ट एंड मनी" का प्रकाशन सन् ______ में हुआ।

(vi) गुणक एवं सीमांत उपभोग प्रवृत्ति के बीच ______ संबंध पाया जाता है।

**Fill in the blanks :**

(i) The slope of the total revenue curve is always ______.

(ii) The law of supply does not apply to ______ goods.

(iii) In perfect competition, producers should sell ______ product in the market.

(iv) Through the agricultural support price scheme the government fixed the ______ for some agricultural commodities.

(v) John Maynard Keynes famous book "The General Theory of Employment Interest and Money" was published in ______.

(vi) There is ______ relationship between the multiplier and marginal propensity to consume.



https://www.mpboardonline.com

1×6=6

3 सत्य या असत्य लिखिये :

(i) दीर्घकाल में उत्पादन के सभी साधन अपरिवर्तनशील होते हैं।

(ii) संतुलन की स्थिति में फर्म अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकती है।

(iii) उपभोग व्यय = स्वतंत्र उपभोग + प्रेरित उपभोग।

(iv) अतिरिक्त मांग की स्थिति में सुधार के लिये सरकारी व्ययों में वृद्धि करना चाहिये।

(v) संसद में बजट भाषण गृहमंत्री द्वारा दिया जाता है।

(vi) आय, उत्पादन तथा रोजगार सिद्धांत समष्टि अर्थशास्त्र की शाखा नहीं हैं।

**Write True or False :**

(i) In the long run all factors of the production are unchanged.

(ii) Firm gets maximum profit under equilibrium condition.

(iii) Consumption expenditure = Autonomous consumption + Induced consumption.

(iv) Excess demand can be corrected by increasing the government expenditures.

(v) The budget speech delivered in the Parliament by the Home Minister.

(vi) Income, output and employment theory do not belong to macro economics.

4 सही जोड़ी बनाइये : 1×7=7

| "अ" | | "ब" | |
|---|---|---|---|
| (i) | विनिमय दर में वृद्धि | (a) | करारोपण नीति |
| (ii) | विनिमय दर में कमी | (b) | खुले बाज़ार की क्रियाएँ |
| (iii) | राजकोषीय उपाय | (c) | पूरक वस्तुएँ |
| (iv) | मौद्रिक उपाय | (d) | भुगतान संतुलन के अनुकूल |
| (v) | कोक एवं पेप्सी | (e) | भुगतान संतुलन के प्रतिकूल |
| (vi) | पेन एवं स्याही | (f) | गिफिन वस्तुएँ |
| (vii) | मोटे अनाज | (g) | स्थानापन्न वस्तुएँ |

**Match the correct pair :**

| "A" | | "B" | |
|---|---|---|---|
| (i) | Increase in the exchange rate | (a) | Taxation policy |
| (ii) | Decrease in the exchange rate | (b) | Open market operation |
| (iii) | Fiscal measure | (c) | Complementary goods |
| (iv) | Monetary measure | (d) | Favourable for the Balance of Payment |
| (v) | Coke and Pepsi | (e) | Unfavourable for the Balance of Payment |
| (vi) | Pen and ink | (f) | Giffin goods |
| (vii) | Coarse grains | (g) | Substitute goods |



https://www.mpboardonline.com

5 एक वाक्य में उत्तर लिखिए : 1×7=7

(i) अल्पकाल में फर्म की पूर्ति का वक्र किस प्रकार का होता है?

(ii) किस वर्ष में अमेरिका एवं यूरोप के देश महामंदी से प्रभावित हुए?

(iii) भारत में बैंकों का बैंक कौन है?

(iv) प्रभावपूर्ण मांग की अवधारणा किसने दी?

(v) प्रतिरक्षा व्यय किस प्रकार का व्यय माना जाता है?

(vi) एक देश की मुद्रा का दूसरे देश की मुद्रा में व्यक्त मूल्य क्या कहलाता है?

(vii) राष्ट्रीय आय गणना की विधियों के नाम लिखिये।

**Write the answer in one sentence :**

(i) What is the supply curve of a firm in the short run?

(ii) In which year the countries of America and Europe were affected by the Great Depression?

(iii) Who is the banker of banks in India?

(iv) Who gave the concept of effective demand?

(v) What type of expenditure is defence expenditure?

(vi) What do you call the price of the country's currency in terms of the price of other country's currency?

(vii) Write the names of methods for calculating national income.

6 एक दिष्ट अधिमान क्या है? 2

What is monotonic preferences?

**अथवा / OR**

उपयोगिता के कोई दो लक्षण लिखिये।

Write any two characteristics of utility.

7 अनधिमान वक्रों के कोई दो लक्षण लिखिये। 2

Write any two characteristics of indifference curves.

**अथवा / OR**

बजट सेट को परिभाषित कीजिए।

Define budget set.

8 पैमाने के प्रतिफल को परिभाषित कीजिए। 2

Define returns to scale.

**अथवा / OR**

फर्म का लाभ किसे कहते हैं?

What is the firm's profit?



https://www.mpboardonline.com

9 अवसर लागत को परिभाषित कीजिए।
Define opportunity cost. 2

अथवा / OR

पूर्ण प्रतिस्पर्धी बाज़ार की कोई दो विशेषताएँ लिखिये।
Write any two characteristics of a perfect competitive market.

10 हम कब कहते हैं कि बाज़ार में किसी वस्तु के लिए : 1+1=2
(1) अधिमांग है? (2) अधिपूर्ति है?
When do we say that for a commodity in the market -
(1) Excess demand? (2) Excess supply?

अथवा / OR

क्या होगा यदि बाज़ार में प्रचलित मूल्य है
(1) संतुलन कीमत से अधिक? (2) संतुलन कीमत से कम?
What will happen if the prevailing price in the market is
(1) Above the equilibrium price?
(2) Below the equilibrium price?

11 किन्हीं ऐसी चार आवश्यक वस्तुओं के नाम लिखिये, जिन पर भारत में उच्चतम निर्धारित कीमत लागू है। 2
Write the names of any four necessary commodities on which the price ceiling is applicable in India. https://www.mpboardonline.com

अथवा / OR

निम्नतम निर्धारित कीमत के सुपरिचित उदाहरण दीजिये।
Give the well known examples of price floor.

12 सरल अर्थव्यवस्था में आय के वर्तुल प्रवाह का रैखिक नामांकित आरेख बनाइये। 2
Draw a labelled diagram of circular flow of income in a simple economy.

अथवा / OR

निम्नलिखित के पूर्ण नाम लिखिये :
(1) G.D.P. (2) N.D.P. (3) W.P.I. (4) C.P.I.
Write the full form of the following:
(1) G.D.P. (2) N.D.P. (3) W.P.I. (4) C.P.I.

13 माल–सूची को परिभाषित कीजिए।
Define inventory. 2

अथवा / OR

उत्पादन के कारकों के नाम एवं उनके पारिश्रमिक लिखिए।
Write the names of factors of production and its remunerations.



https://www.mpboardonline.com

14 राष्ट्रीय आय गणना की आय विधि के कोई चार घटकों के नाम लिखिये। 2

Write any four components of the income method of calculating national income.

अथवा / OR

स्टॉक एवं प्रवाह को परिभाषित कीजिए।

Define stocks and flows.

15 भारतीय रिजर्व बैंक के कोई दो कार्य लिखिए। 2

Write any two functions of Reserve Bank of India.

अथवा / OR

सीमांत उपभोग प्रवृत्ति क्या है?

What is marginal propensity to consume?

16 अर्थव्यवस्था की केन्द्रीय समस्याओं की विवेचना कीजिये। 3

Discuss the central problems of an economy.

अथवा / OR

केन्द्रीय कृत योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था एवं बाज़ार अर्थव्यवस्था में कोई तीन भेद कीजिये।

Distinguish between centrally planned economy and market economy. (Any three)

17 मान लीजिये कोई उपभोक्ता अपनी संपूर्ण आाय को व्यय करके वस्तु X की 6 इकाइयाँ तथा वस्तु Y की 8 इकाइयाँ खरीद सकता है। दोनों वस्तुओं की कीमतें क्रमशः 8 ₹ एवं 6 ₹ है। उपभोक्ता की आय की गणना कीजिए। 3

Suppose a consumer can afford to buy 6 units of goods X and 8 units of goods Y, if he spends his entire income. The prices of two goods are ₹ 8 and ₹ 6 respectively. Calculate the consumer's income.

अथवा / OR

निम्न अनुसूची में अज्ञात राशि ज्ञात कीजिये:

Find out the missing figures in the following table:

| इकाइयाँ / Units (L) | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|---|
| कुल उपयोगिता / Total Utility (TU) | 5 | 9 | - | 14 | - |
| सीमांत उपयोगिता / Marginal Utility (MU) | - | - | 3 | - | 1 |

18 सार्वजनिक वस्तु सरकार के द्वारा ही प्रदान की जानी चाहिये, क्यों? व्याख्या कीजिये। 3

Explain why public goods must be provided by the government.

अथवा / OR

सरकारी बजट के किन्हीं तीन उद्देश्यों की व्याख्या कीजिये।

Explain any three objectives of government budget.

19 भुगतान संतुलन के चालू खाते की कोई तीन मदों एवं पूँजीगत खाते की कोई तीन मदों के नाम लिखिये। 3

Write the name of any three items of current account and any three items of capital account of Balance of Payment.

अथवा / OR

विदेशी विनिमय दर को प्रभावित करने वाले कोई तीन तत्वों का वर्णन कीजिये।

Describe any three elements which affect foreign exchange rate.



https://www.mpboardonline.com

20 मांग के नियम के कोई चार अपवादों की विवेचना कीजिये। 4

Discuss any four exceptions of the law of demand.

अथवा / **OR**

मांग की कीमत लोच की श्रेणियों के नाम लिखते हुए, किसी एक श्रेणी की सचित्र व्याख्या कीजिये।

Write the name of the degrees of price elasticity of demand and explain any one of them with the help of diagram.

21 निम्न तालिका में श्रम का कुल उत्पाद दिया गया है। श्रम का औसत उत्पाद एवं सीमांत उत्पाद ज्ञात कीजिये। 4

In the following table the total product of labour is given. Find the average product and marginal product of labour.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| श्रम की इकाई / Unit of Labour (L) | 0 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| कुल उत्पाद / Total Product | 0 | 15 | 35 | 50 | 40 | 48 |

अथवा / **OR**

एक फर्म के लिए उत्पादन फलन $Q = 5\sqrt{L}K^2$ है। अधिकतम संभावित निर्गत ज्ञात कीजिये जिसका फर्म उत्पादन कर सकती है, जबकि –

(1) L = 4 इकाइयाँ, K = 0 इकाई (2) L = 16 इकाइयाँ, K = 2 इकाइयाँ

The production function of a firm is $Q = 5\sqrt{L}K^2$.

Find the maximum possible output that the firm can produce with

(1) L = 4 Units, K = 0 Unit (2) L = 16 Units, K = 2 Units.

22 भारत सरकार द्वारा 2016 में किये गये ''विमुद्रीकरण'' के सकारात्मक प्रभावों की व्याख्या कीजिए। 4

Explain the positive effects of "Demonetization" done by Government of India in 2016.

अथवा / **OR**

व्यापारिक बैंकों के कार्यों की विवेचना कीजिए।

Explain the functions of Commercial Banks.

23 आय एवं रोजगार के परंपरावादी सिद्धांत एवं कीन्स के सिद्धांत में कोई चार अंतर लिखिये। 4

Distinguish between Classical theory and Keynes theory of income and employment. (Any four)

अथवा / **OR**

अत्यधिक मांग एवं अभावी मांग में कोई चार अंतर लिखिये।

Distinguish between Excess demand and Deficient demand. (Any four)



https://www.mpboardonline.com